# पहली बार हुआ एम .पी . शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2025




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश में मध्य मै स्थित पुरातात्विक,प्राकृतिक-पर्यावरण नगरी शिवपुरी में पहली बार नेशनल शॉर्ट फिल्मों का एम.पी.शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2025 का आयोजन फिल्मकार मंच,स्टेप टू ग्रोथ फाउंडेशन, एस. के. एफ.प्रोडेक्श, श्रीगणेश देवा फिल्म्स, सहकारी पर्यटन संघ, शिवपुरी पब्लिक स्कूल द्वारा शिवपुरी पब्लिक स्कूल फतेहपुर रोड शिवपुरी के विशाल प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, प्रख्यात फिल्मकार शशिकांत सक्सेना (भोपाल), एवं फेस्टिवल की स्टार गेस्ट फिल्म लेखक, निर्माता, निर्देशक सोनिया ए गुप्ता (मुंबई), सहकारी पर्यटन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजावत ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की दीप प्रज्वलित कर फेस्टिवल का शुभारंभ किया. इसके उपरांत मुख्यातिथियों का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया. स्वागत भाषण चेयरमैन शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोक ठाकुर ने दिया, समस्त अतिथियो ने उद्बोधन दिया, सचालन फिल्मकार मंच के अध्यक्ष डा.भूपेन्द्र विकल ने किया,आभार स्टेप टू ग्रोथ फाउंडेशन से जुड़े एस. के.एफ.प्रोडक्शन के निर्माता, निर्देशक, पत्रकार साहिल खान ने व्यक्त किया. इसके उपरांत फिल्मकार मंच के उपाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह राठौड़ के संचालक में विशाल स्क्रीन पर शाट फिल्म अभिमुख निर्देशक इकबाल अली(मुबंई ) का प्रदर्शन किया गया। सभी मुख्यातिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया, संचालन डा.भूपेन्द्र विकल ने एवं आभार व्यक्त साहिल खान ने किया। वरिष्ठ भाजपा नेता अमिताभ सिंह हर्षी दीवान साहब के मुख्यातिथि, वरिष्ठ फिल्मकार शशिकांत सक्सेना (भोपाल),स्टार गेस्ट प्रख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक सोनिया ए गुप्ता, अभिनेत्री तन्वी जाधव, अभिनेता कमाल (मुंबई) के विशिष्ट आतिथ्य की उपस्थिति में फिल्मकार सम्मान आयोजित किया गया। वरिष्ठ फिल्मकार शशिकांत सक्सेना (भोपाल), राजेश पाल, टी. सी.परमार (ग्वालियर), स्वामी अभिषेक ( इन्दौर), ब्रजेश अग्निहोत्री, अवधेश सक्सेना., त्रिलोचन जोशी, राजेश झा, जुगेश कुमार (शिवपुरी) राजेश गर्ग (बैराड़) पूर्व जेलर विजय सिंह मोर्य, विजय चोकसे, विनोद यादव (शिवपुरी) का शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। फेस्टिवल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करने बालों का शाल श्री फल से सम्मानित किया शिवनारायण अग्रवाल, प्रमोद पुरोहित, सुमित श्रीवास्तव, चेतन बाथम, दीपक श्रीवास्तव (दतिया), आदित्य प्रताप सिंह राठौड़ (ग्वालियर), आबाद वारसी (मेरठ), गीता सिसोदिया (ग्वालियर), उम्मेद सिंह झा मनोज उपाध्याय,को शाल,श्री फल प्रदान कर सम्मानित किया।

> शॉर्ट फिल्म ए लोन्ग नाइट (मुंबई )को बेस्ट फिल्म ओर बेस्ट अभिनय के लिए ऐक्ट्रेस तान्वी जाधव, ऐक्टर कमाल को अवार्ड मिला वह बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट के लिए भूमि सिंघल को अवॉर्ड मिला

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में शिवपुरी महाविद्यालय का दबदबा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 दिसम्बर।** उच्च शिक्षा विभाग के सत्र 2025-26 अंतर्गत आयोजित खेल गतिविधियों के तहत दिनांक 23 दिसंबर 2025 को हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिवपुरी पीजी महाविद्यालय की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला शिवपुरी पीजी महाविद्यालय एवं अशोकनगर महाविद्यालय की टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक संघर्ष के बाद अशोकनगर महाविद्यालय की टीम विजेता रही।

महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग से दतिया, भिंड, अशोकनगर, मुरैना तथा जिला ग्वालियर की वीआरजी कॉलेज, केआरजी कॉलेज एवं एसओएस कॉलेज की टीमों ने भाग लिया, लेकिन ग्वालियर जिले की कोई भी टीम फाइनल मुकाबले तक नहीं पहुंच सकी।

वहीं दिनांक 24 दिसंबर 2025 को महादजी सिंधिया खेल मैदान, जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित पुरुष हैंडबॉल टूर्नामेंट में शिवपुरी महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में ग्वालियर एसओएस कॉलेज की टीम को एकतरफा मुकाबले में 16-11 के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन श्रीवास्तव ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में शिवपुरी महाविद्यालय की पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उचित मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर वीरेंद्र कौशल को भी बधाई दी।

# सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय में शौर्य-2025 ' कार्यक्रम आज

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 दिसम्बर।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी द्वारा भव्य शारीरिक प्रदर्शन कार्यक्रम 'शौर्य-2025' का आयोजन रविवार, 28 दिसंबर 2025 को दोपहर 2 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहन शारीरिक प्रकटोत्सव के अंतर्गत अनुशासित एवं आकर्षक शारीरिक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। ये प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का सशक्त उदाहरण होंगी ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में शिवपुरी जिलाधीश रवींद्र सिंह चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं सह सचिव, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश महेंद्र रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, पत्रकारों एवं शिक्षा प्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# नववर्ष पर अवैध शराब परोसने पर प्रशासन की सख्ती

**शिवपुरी।** नववर्ष के अवसर पर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 को वर्ष की समाप्ति एवं 1 जनवरी 2026 को नववर्ष के आगमन पर होटल, रेस्टोरेंट, घरों तथा अन्य स्थलों पर आयोजित होने वाली पार्टियों में बिना लाइसेंस मदिरा परोसने अथवा सेवन किए जाने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग स्पष्ट किया गया है कि बिना वैध लाइसेंस के मदिरा का परोसना या सेवन करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित आयोजकों एवं दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी ने जिला शिवपुरी के सभी नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष का आयोजन शांतिपूर्ण एवं नियमों के अनुरूप संपन्न हो सके।

# महाराष्ट्र में फंसे शिवपुरी के 15 आदिवासी मजदूर 48 घंटे में सकुशल लौट



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 दिसम्बर।** शिवपुरी जिले के थाना सुभाषपुरा अंतर्गत ग्राम सेंवड़ा के 15 आदिवासी मजदूरों के महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में फंसे होने की सूचना पर शिवपुरी पुलिस ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटे के भीतर सभी मजदूरों को सकुशल उनके गांव वापस पहुंचाया। इस मानवीय पहल से पीड़ित परिवारों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 दिसंबर 2025 को ग्राम सेंवड़ा निवासी अशोक आदिवासी सहित अन्य आदिवासी समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी एवं थाना सुभाषपुरा पहुंचकर सूचना दी थी कि करीब ढाई माह पूर्व सोलापुर (महाराष्ट्र) से आए एक ठेकेदार के साथ गांव के नीतेश आदिवासी ने पांच परिवारों के 23-24 लोगों को गन्ने के खेतों में मजदूरी कराने के लिए महाराष्ट्र भेजा था। मजदूरी के दौरान पांच लोग पहले ही वापस आ गए थे, जबकि नीतेश आदिवासी अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ बिना बताए गांव लौट आया। शेष तीन परिवारों के करीब 14-15 मजदूर सोलापुर में फंसे रह गए। फोन पर मजदूरों ने बताया कि नीतेश आदिवासी मजदूरी की रकम लेकर भाग गया, जिसके कारण ठेकेदार उन्हें पैसे देने या वापस आने की अनुमति नहीं दे रहा था। मजदूरों के पास न तो पैसे थे और न ही गांव लौटने का कोई साधन। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मजदूरों के परिजनों को भरोसा दिलाया और महाराष्ट्र पुलिस से तत्काल समन्वय स्थापित किया। मोबाइल नंबरों के आधार पर यह पता चला कि सभी मजदूर महाराष्ट्र के जिला सोलापुर अंतर्गत ग्राम पिराचीकिरौली, थाना पंढरपुर क्षेत्र में हैं। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने जिला सोलापुर के पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी एवं एसडीओपी पंढरपुर प्रशांत डगले से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सुभाषपुरा राजीव दुबे द्वारा महाराष्ट्र पुलिस से समन्वय स्थापित किया गया, जिसके बाद उप निरीक्षक अनिल पाटिल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस की सहायता से मजदूरों से बातचीत की गई, जहां पुष्टि हुई कि नीतेश आदिवासी मजदूरी की राशि लेकर उन्हें वहां छोड़कर लौट आया था।

शिवपुरी से लगभग 1400 किलोमीटर दूर फंसे इन मजदूरों के पास कोई आर्थिक व्यवस्था न होने के चलते, शिवपुरी एवं सोलापुर पुलिस के सहयोग से विशेष क्रूजर वाहन की व्यवस्था की गई। सूचना के 48 घंटे के भीतर सभी 15 आदिवासी मजदूरों को सकुशल ग्राम पिराचीकिरौली (महाराष्ट्र) से जिला शिवपुरी लाकर उनके ग्राम सेंवड़ा, थाना सुभाषपुरा पहुंचाया गया। सकुशल लौटाए गए मजदूरों में बनवारी, सरबती, नीलम, रामबरन, लालाराम, सोमबती, ललिता, संदीप, साजन, नंदनी, संतोष, काजल, सुजना एवं संगीता शामिल हैं। शिवपुरी पुलिस की इस त्वरित, समन्वित और मानवीय कार्रवाई की जिलेभर में सराहना की जा रही है।

## एक नजर में

### शिवपुरी में बाघों की संख्या बढ़कर आठ

**शिवपुरी.** माधव टाइगर रिजर्व में आज बांधवगढ़ से लाई गई एक और बाघिन 'महारानी' को शामिल किया गया है. इसके साथ ही टाइगर रिजर्व में बाघों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है. माधव टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि महारानी बाघिन के आगमन के बाद यहां चार बाघिन, दो बाघ और दो शावक हो गए हैं. सूत्रों के अनुसार नई बाघिन को आज ही औपचारिक प्रक्रिया के बाद टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया.

### विरोध प्रदर्शन पर एनटीपीसी की सफाई

**नई दिल्ली.** एनटीपीसी मुख्यालय पर पूर्व सैनिकों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है. आरजीपीपीएल ने कहा है कि दाभोल पावर कंपनी (डीपीसी) के अधिग्रहण के बाद दिसंबर 2006 में सभी निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए टेंडर के माध्यम से एक नई सुरक्षा एजेंसी को सुरक्षा कार्य का ठेका दिया गया था. इसके बाद डीपीसी की सुरक्षा में कार्यरत पूर्व सैनिक किसी भी रूप में आरजीपीपीएल द्वारा नियुक्त सुरक्षा एजेंसियों के अधीन नहीं रहे. शुक्रवार को 93 पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने एनटीपीसी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्होंने जिस परियोजना की सुरक्षा में वर्षों तक सेवाएं दीं, वह संस्था पिछले 24 वर्षों से उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है.

# ऊर्जा मंत्री ने 354 हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 27 दिसम्बर।** नरसेवा ही नारायण सेवा है, गरीबों एवं जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए आपके इस सेवक के द्वारा किया जा रहा है। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने 354 हितग्रहियों को कामकाजी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन और राशन पात्रता पर्चियों का वितरण भी किया।

कार्यक्रम में मौजूद आमजनों को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा यह सेवक आपकी ही कृपा से आपकी सेवा का कार्य कर रहा है। आज ग्वालियर उप नगर की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। मैं आपकी यह सेवा का कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के सहयोग से कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में सिविल अस्पताल हजीरा की आपने पहले स्थिति देखी थी और आज उसका बदला स्वरूप भी देख रहे हैं। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में आपके शहर ने तरक्की की है। पटेल स्कूल पहले किस स्थिति में था और अब किस स्थिति में है। यह सब आपकी आंखों के सामने हैं। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए है, क्योंकि आपका सेवक जागरुक है और वह भी आपकी ही कृपा से, इस अवसर पर राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 354 हितग्राहियों को हित लाभ के प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

**ईश्वर के नाम में है बड़ी शक्ति:** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वह प्रतिदिन शाम को ईश्वर का नाम जपते हैं, इससे उन्हें काफी शांति मिलती है, उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी से प्रार्थना की कि आप भी ईश्वर का नाम का जाप करें। उन्होंने कहाकि ईश्वर का नाम लेते समय ताली बजाना हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। **ग्वालियर को बनाना है इंदौर:** ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्वच्छता के मामले में ग्वालियर को इंदौर बनना है। अपने घर को अपनी गली को स्वच्छ रखना, हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा, तभी हम स्वच्छ ग्वालियर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# सीर बांसखेड़ी में स्व . जगराम धाकड़ को दी गई श्रद्धांजलि, विधायक देवेंद्र जैन ने जताई संवेदना



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 27 दिसम्बर।** आज ग्राम सीर बांसखेड़ी में शिवपुरी ग्रामीण मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल महामंत्री स्व. जगराम धाकड़ के स्वर्गवास उपरांत श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र जैन ने उपस्थित होकर स्व. जगराम धाकड़ के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर ग्रामीण नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वीरेंद्र रावत ने भी स्व. जगराम धाकड़ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जाने से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मतभेदों के बीच मुकेश नायक का इस्तीफा

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, , 27 दिसंबर. वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने शनिवार सुबह कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया।**

पार्टी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। डॉ. नायक ने अपना इस्तीफा स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को उनके निवास पर सौंपा, जिसके बाद पार्टी के भीतर इस फैसले को लेकर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, डॉ. नायक ने हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान अपने संबोधन में इस निर्णय के संकेत दिए थे।





उन्होंने कहा था कि अब समय आ गया है कि वरिष्ठ नेता अपने पद खाली करें और नई पीढ़ी को आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिले, ताकि संगठन में पीढ़ीगत बदलाव सुनिश्चित हो सके। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस्तीफे के पीछे इसके अलावा भी अहम कारण रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर 13 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

> सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ नेताओं के बीच इस तरह के तालमेल की कमी से पार्टी के आंतरिक ढांचे और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी असर पड़ने लगा था, हालांकि वरिष्ठ कैडर स्थिति को संभालने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच संगठन महासचिव संजय कमले ने डॉ . नायक से बातचीत कर उन्हें इस्तीफा न देने के लिए मनाने की कोशिश की और भरोसा दिलाया कि सभी निर्णय पार्टी की परंपराओं और नियमों के अनुसार होंगे। इसके बावजूद डॉ . मुकेश नायक अपने इस्तीफे के फैसले पर अडिग रहे। इस संवाददाता द्वारा उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

# 12 फर्जी परीक्षार्थियों को 5-5 साल की सजा

## व्यापमं घोटाले में आया बड़ा फैसला

- डमी कैंडिडेट बनकर दी थी परीक्षा

### 14 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. व्यापमं घोटाले से जुड़े एक अहम मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है.**

वर्ष 2011 की व्यापमं परीक्षा में फर्जी तरीके से शामिल हुए 12 आरोपियों को अदालत ने दोषी करार देते हुए प्रत्येक को पांच पांच साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है. यह फैसला लंबे समय से चल रहे इस बहुचर्चित मामले में न्याय की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.



सीबीआई जांच में सामने आया था कि इन 12 आरोपियों ने अनुचित लाभ लेने के उद्देश्य से असली परीक्षार्थियों की जगह खुद को डमी कैंडिडेट बनाकर परीक्षा दी थी. आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए दस्तावेजों में हेराफेरी की और परीक्षा केंद्रों में फर्जी तरीके से प्रवेश किया. जांच एजेंसी के मुताबिक, फर्जी परीक्षार्थियों ने योजनाबद्ध तरीके से असली अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देकर सिस्टम को धोखा दिया. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच मध्यप्रदेश पुलिस से लेकर बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी थी सीबीआई ने विस्तृत जांच के बाद तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अदालत में चार्जशीट पेश की.

> जांच के दौरान फिंगर प्रिंट मिलान, हैंडराइटिंग एनालिसिस और गवाहों के बयान अहम सबूत के रूप में पेश किए. जिनसे यह साबित हुआ कि परीक्षा में शामिल व्यक्ति वही नहीं थे, जिनके नाम पर फॉर्म भरे थे. करीब 14 साल तक चली इस लंबी कानूनी प्रक्रिया में कई गवाहों के बयान दर्ज हुए और तकनीकी साक्ष्यों की बारीकी से जांच की गई. सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी तथ्यों और सबूतों पर विचार करने के बाद फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी ठहराया. अदालत ने प्रत्येक दोषी को पांच साल का कारावास और आर्थिक दंड की सजा सुनाई है.

**उपलब्धि** पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

# अगले दो वर्ष में सड़कों पर गौवंश नजर नहीं आएंगे

### 30 नए गौशाला बनाने के लिये टेंडर जारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 27 दिसंबर. पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने भरोसा दिलाया है कि अगले दो वर्ष में प्रदेश की सड़कों पर गौवंश नजर नहीं आएंगे.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30 नए गौशाला बनाने के लिये टेंडर जारी हो गये हैं, इसमें 4 लाख गौवंश को रखा जाएगा. यह बात उन्होंने शनिवार को विभाग की दो



वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वावलंबी गौशाला योजना लांच किया जा रहा है, इन गौशालाओं की क्षमता कम से कम 5 हजार गौवंश को रखने की होगी. इस तरह की गौशाला में कम से कम 50 से 70 करोड़ रुपये का निवेश होगा, ऐसे गौशालाओं में मानव संसाधन रखने की भी जरुरत पड़ेगी. उन्होंने बताया कि पीपीपी मोड पर गौशाला के लिये तो आस्ट्रेलिया से भी निवेश आने वाला है. पटेल ने बताया कि इस तरह की गौशालाएं पूरी तरह आधुनिक होंगी, यहां गौवंश को चिप भी लगाये जाएंगे, जिससे कि उनको अलग पहचान मिल सके साथ ही उनकी निगरानी की प्रभावी व्यवस्था भी होगी.

> **18 हजार ग्राम पंचायत होंगे विकसित**
> पटेल ने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिये 18 हजार ग्राम पंचायतों को क्षीरधारा ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा. कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को पुरूस्कृत किया जाएगा. ऐसे पशुपालक जो अन्य पशुपालकों के लिए उदाहरणीय एवं प्रेरणास्पद हैं, उन्हें पशुपालन आचार्य की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा.

> **प्रतिदिन 33 लाख लीटर दूध का संकलन**
> पटेल ने बताया कि हमारा लक्ष्य राज्य में औसत दुग्ध संकलन तीन वर्षों में 33 लाख लीटर प्रतिदिन से अधिक करना है, सहकारिता के तहत ग्रामों का कवरेज आगामी 3 वर्षों में बढ़ाकर 15 हजार से अधिक ग्रामों को कवर किया जाएगा तथा दुग्ध सहकारी समिति सदस्यों की संख्या बढ़ाकर कुल 470 हजार किया जाएगा. इस पर राज्य में 4000 करोड से अधिक का निवेश होगा.

## पेज 1 का शेष

# अटल जी के जन्मशती वर्ष में एमपी का अभ्युदय

एवं भूमिपूजन किया तथा 12 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए. उन्होंने कहा कि सतना शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है. सतना एयरपोर्ट के रनवे का विस्तार कर उसे 1800 मीटर तक बढ़ाया जाएगा, जिससे भविष्य में बड़े विमानों का संचालन संभव हो सकेगा. इसके साथ ही वर्ष 2026 से प्रदेश में छोटे-बड़े शहरों के लिए सरकारी बस सेवा प्रारंभ की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड को अब 'भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराज्यीय बस स्टैंड' के नाम से जाना जाएगा. उन्होंने कहा कि अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे और उनका जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए प्रेरणास्रोत है.

अटल जी के जन्मशती वर्ष में मध्यप्रदेश का यथार्थवादी विकास किया जा रहा है, जिसमें गरीब, महिला, युवा और किसानों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 जनवरी तक बरगी नहर की टनल का कार्य पूर्ण कर सतना के किसानों को नर्मदा का जल उपलब्ध कराया जाएगा. इससे 1.45 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी. केन नदी का जल मंदाकिनी तक पहुंचाकर उसे सदानीरा बनाने की योजना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है.

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.